an>

Title: Issues related to regional attacks on students in different colleges within country.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं पिछले लगभग पूरे सप्ताह से इस बिंदु को सदन के संज्ञान में लाने का प्रयास कर रहा था।

अखिल भारतीय परीक्षा के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों के विद्यार्थियों का देश भर के अलग-अलग प्रदेशों के मेडिकल कॉलेजेज में एडमिशन होता है। उत्तर भारत के छात्र पश्चिम बंगाल के बहुत सारे मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे हैं, जिसमें विशेÂष रूप से बांकुड़ा मेडिकल कॉलेज में लगभग 50 छात्र हैं। उन छात्रों पर वहां क्षेत्रीय भेदभाव के कारण बार-बार हमले हो रहे हैं, उनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ है। ...(व्यवधान) उन्होंने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को और सब जगह इसके लिए रिपोर्ट की है, पुलिस थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन रिपोर्टों की जांच होने के बजाए उल्टा उन्हीं विद्यार्थियों को परेशान किया जा रहा है। उनको बहुत सारी चोटें आई हैं और अस्पताल में उनको भर्ती कराना पड़ा है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकरण की जांच हो। ...(व्यवधान) ऐसे बच्चों को, जो अखिल भारतीय परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करके अन्य प्रदेशों में पढ़ रहे हैं, उनको सुरक्षा प्रदान कराने की व्यवस्था की जाए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री ओम बिरला और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: It is not an allegation on the Government. It happens. Is it not?

...(*Interruptions*)